आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 11.05.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम का पाकिस्तान की ओर से कल रात बार—बार उल्लंघन हुआ। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा— भारतीय सेना इन उल्लंघनों को समुचित और प्रभावी जवाब दे रही है।
- प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान के साथ ही सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा को और मज़बूत बनाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं से देशहित को सर्वोपरि रखते हुए निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से कर्तव्यों के निर्वहन की अपील की
- देहरादून को जल्द ही आधुनिक लॉन्ग रेंज इमरजेंसी सायरन से लैस किया जाएग, आठ से सोलह किलोमीटर दूरी तक सुनाई दे सकेगी सायरन की आवाज़।

.........................................................

उल्लंघन

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ कल बनी सहमति का बार—बार उल्लंघन हुआ है। नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए श्री मिस्री ने कहा कि सशस्त्र बल, इन उल्लंघनों को समुचित और प्रभावी जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत इन उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से ले रहा है। भारत ने पाकिस्तान से इन उल्लंघनों को दूर करने के लिये उचित कदम उठाने तथा स्थिति से गंभीरता तथा ज़िम्मेदारी से निपटने का आहवान किया है। श्री मिस्री ने कहा कि भारतीय सेना स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ—साथ नियंत्रण रेखा पर उल्लंघन की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

.........................................................

सहमति

इससे पहले कल, भारत और पाकिस्तान तत्काल प्रभाव से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हुए। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली में इस संबंध में घोषणा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन्स महानिदेशक ने दोपहर में युद्ध विराम का आहवान किया जिसके बाद चर्चा हुई और यह सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर दोनों देशों के बीच सीधे तौर पर सहमति बनी है। किसी अन्य मुद्दे पर और किसी अन्य स्थान पर बातचीत करने का कोई निर्णय

नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि दोनों पक्ष ज़मीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। इस सहमति को लागू करने के लिए दोनों पक्षों को निर्देश दे दिए गए हैं। श्री मिसरी ने कहा कि सैन्य संचालन महानिदेशक कल इस संबंध में फिर से बातचीत करेंगे।

..........................................................

ऑपरेशन सिंदूर

भारत के खिलाफ भड़काने वाली कार्रवाई के बाद पाकिस्तान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, क्योंकि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान की आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं को खत्म कर दिया है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारत का लक्ष्य खासतौर पर आतंकी शिविरों और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की जा रही सुविधाओं को निशाना बनाना था। कर्नल कुरैशी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने किसी भी धार्मिक स्थल को निशाना नहीं बनाया।

..........................................................

फैसला

भारत ने फैसला किया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को देश के विरुद्ध युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। हाल ही में पाकिस्तान की तनाव बढाने की कार्रवाई के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है, जो दोनों देशों के बीच समझौते के बाद कम हो गई है।

..........................................................

जानकारी

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तैयबा के पांच कुख्यात आतंकवादी मारे गए हैं। सूत्रों के अनुसार इन आतंकियों में  मुदस्सर खादियन खास उर्फ अबू जुंदाल, मौलाना मसूद अजहर का निकट संबंधी हाफिज मुहम्मद जमील, मोहम्मद यूसुफ अजहर, खालिद उर्फ अबु अक्शा और मोहम्मद हसन खान शामिल है।

..........................................................

सघन चेकिंग अभियान–निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाने और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा को और पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में आयोजित एक बैठक में श्री धामी ने संबंधित अधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्गों, संवेदनशील स्थानों और अन्य प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने को कहा। उन्होंने राज्यभर में सत्यापन अभियान को तेज़ करने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और सत्यापन, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर फैल रही फेक न्यूज़ और संवेदनशील खबरों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय नागरिकों से प्रशासन संवाद स्थापित करे और उनकी सहभागिता से सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत बनाए। साथ ही राज्य सरकार संभावित खतरों के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्यभर में मॉक ड्रिल का आयोजन करेगी। सभी जिलों में सायरन सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी ताकि किसी भी चेतावनी को तुरंत लोगों तक पहुंचाया जा सके।

चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं पर भी मुख्यमंत्री ने विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यात्रा का संचालन पूरी तरह सुरक्षित और सुचारु रूप से हो रहा है। सुरक्षा के लिहाज़ से चारधाम मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है और जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी सचिवों को समय–समय पर यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

.........................................................

<u>वार्षिक समारोह</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं से देशहित को सर्वोपरि रखते हुए निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से कर्तव्यों के निर्वहन की अपील की है। देहरादून में गुरू राम राय विश्वविद्यालय के वार्षिक समारोह 'जेनिथ–25 फेस्ट' को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि बदलते रोजगार परिदृश्य में युवाओं को 'फ्यूचर–रेडी' बनाना जरूरी है। इसके लिए राज्य सरकार ने इंटर्नशिप और इंडस्ट्री लिंक्ड कोर्सेज को प्रोत्साहित करने के लिये कई उद्योगों और कॉरपोरेट संस्थानों से समझौते किए हैं। स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किए गए हैं, ताकि युवा नौकरी देने वाले बन सकें।

उन्होंने नई शिक्षा नीति को रोजगारोन्मुख और व्यावहारिक बताया और कहा कि यह शिक्षा को केवल ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन के लिए उपयोगी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गुरु राम राय विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्थान केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार और मूल्यों के विकास पर भी ध्यान देता है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में बने हेलिपैड और निकट बन रहे आधुनिक कैंसर अस्पताल को आमजन के लिए उपयोगी बताया।

.........................................................

<u>उच्चस्तरीय बैठक</u>

देहरादून में जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सिविल और सुरक्षा एजेंसियों की एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेना, अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस, प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा, आवश्यक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति और भ्रामक सूचनाओं पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मौजूदा परिस्थितियों में प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। उन्होंने कहा कि जिले को जल्द ही आधुनिक लांग रेंज इमरजेंसी सायरन से लैस किया जा रहा है, जो 8 से 16 किलोमीटर की दूरी तक सुनाई देंगे। इन सायरनों की स्थापना के लिए बजट जारी कर दिया गया है और कार्यवाही शुरू हो चुकी है।

बैठक में श्री बंसल ने जिले में पहली बार सेना, अर्द्धसैनिक बलों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर रैपिड कम्युनिकेशन सिस्टम लगाने की योजना की जानकारी भी दी। यह सिस्टम किसी भी आपात स्थिति में सभी संस्थानों के बीच एकसाथ, तेज़ और प्रभावी संचार सुनिश्चित करेगा। उन्होंने यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिना प्रशासन की अनुमति किसी भी क्षेत्र में पावर शटडाउन नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने आवश्यक सेवाओं की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों जुड़े अधिकारियों को सक्रिय रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जमाखोरी और कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

..........................................................

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

पाकिस्तान द्वारा किये गए सीजफायर उल्लंघन की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है–पाक संघर्ष विराम से पलटा... इसी खबर पर अमर उजाला लिखता है– संघर्ष विराम के बाद भी बाज नहीं आया पाकिस्तान, रात तक होती रही गोलाबारी, सेना को जवाबी कार्रवाई के निर्देश।

बॉर्डर एरिया में चलेगा संघन जांच अभियान..इस शीर्षक के साथ अमर उजाला मुख्यमंत्री धामी के हवाले से लिखता है– प्रदेश में होगी मॉक ड्रिल, हर स्थिति से निपटने के लिए रहें तैयार।

पंचायत चुनाव की खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– प्रदेश में पंचायत चुनाव अगले माह संभावित– इसी महीने जारी होगी अधिसूचना।

उत्तराखंड में बड़े स्तर पर हुए अधिकारियों के दायित्वों में फेरबदल... इस खबर के शीर्षक में हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– 25 आईएएस, 13 पीसीएस अफसरों के दायित्व बदले।

..........................................................